# क्या आपको आपके बालक के विकास के बारे में कोई चिंता है?

## कुछ सेवाएं उपलब्ध हैं जो मदद कर सकती हैं....

### बाल और परिवार स्वास्थ्य नर्स

आपके स्थानीय बाल और परिवार स्वास्थ्य नर्स एक नि:शुल्क सेवा है और आपके बच्चे के जन्म से पांच वर्ष की आयु तक उपलब्ध है। आप बाल और परिवार स्वास्थ्य नर्स से नियमित जाँचकारी करके उनके साथ आपके बच्चे की प्रगति एवं विकास के बारे में सलाह ले सकते है |

### आपका स्थानीय डॉक्टर (जी.पी.)

बालक के विकास के बारे और समर्थन और जानकारी के लिए आप आपके स्थानीय डॉक्टर से भी बात कर सकते है| डॉक्टर विशेषज्ञ को रेफरल (पर्ची) भी प्रदान कर सकते हैं|



### सामुदायिक आरोग्य केंद्र

यहाँ आपको आरोग्य सम्बंधित सेवाँए मिल सकती है: भाषा चिकित्सा, फिजियोथेरेपी, डायटेटिक्स , मानसिक स्वास्थ्य इत्यादि | यहाँ आनेके लिए आपको डॉक्टर की रेफ़रल (पर्ची)की ज़रूरत नहि है। कम्यूनिटी हेल्थ सेंटर - (सामुदायिक आरोग्य सेवा) का पता आप इंटर्नेटसे ढूँढ सकते है वरना आपके डॉक्टर या बाल और परिवार स्वास्थ्य नर्स से भी पूछ सकते है।

### निजी सेवाएं

अतिरिक्त सहायता विशेषज्ञ के माध्यम से उपलब्ध हैं उदाहरण बाल रोग विशेषज्ञ और निजी शुल्क आधारित सेवाएं कुछ सेवाएं बल्क बिलिंग या मेडिकेयर छूट प्रदान करती हैं लेकिन आपको भुगतान करना पड़ सकता है| अपने डॉक्टर से पूछें कि किन विशेषज्ञ सेवाओं के लिए रेफरल की आवश्यकता होती है|



## यह याद रखिए

- कि आप अपने बच्चे को सबसे अच्छी तरह से जानते हैं यदि आपको लगता है कि कुछ गलत है, तो उपरोक्त सेवाओं में से किसी से संपर्क करें।
- जल्दी मदद मांगना सबसे अच्छा है लेकिन मदद मांगने में कभी देर नहीं होती |
- अगर आपको लगता है कि आपकी चिंताओं का समाधान नहीं किया जा रहा है तो दूसरी राय लेने के लिए घबराइये नहीं |

STRONGER SEEDS, TALLER TREES

Increasing early supports to improve child outcomes